दिन– मंगलवार दिनांक– 24 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराहन 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

पटना, बेगूसराय, मुंगेर और भागलपुर समेत राज्य के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। इन जिलों में लगभग चौदह लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। पटना जिले के नकटा दियारा और दानापुर के अकिलपुर, गंगहारा, बख्तियारपुर के चिरैयां रूपस, हरदासपुर दियारा, काला दियारा समेत गंगा नदी के तटीय क्षेत्रों में हालात बदतर बने हुये हैं। इन क्षेत्रों में कई पंचायतें बाढ़ से पूरी तरह घिरी हुई हैं। लोगों ने ऊंची जगहों पर शरण ले रखा है। बेगूसराय के बछवाड़ा, मटिहानी समेत विभिन्न प्रखंडों में भी गंगा नदी की बाढ़ से लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित है। इधर, लखमिनिया–गुप्ता बांध पर लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है। मुंगेर में भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कोई सुधार नहीं हुआ है। भागलपुर के कई शहरी और ग्रामीण इलाकों में गंगा नदी का पानी घुस जाने से आम–जनजीवन प्रभावित है। इधर, रतनपुर, बरियारपुर के बीच रेल लाईन पर पानी के दबाव के मद्देनजर रेलवे ने आज तीसरे दिन भी भागलपुर–जमालपुर रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन रोक दिया है।

———————————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बाढ़ की स्थिति को देखते हुये आठ प्रखंडों के छिहत्तर विद्यालयों को छब्बीस सितम्बर तक बंद रखने के आदेश दिये हैं। इस संबंध में जारी पत्र में कहा गया है कि गंगा नदी की धारा तेज होने के कारण दियारा क्षेत्र के इन स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों के लिए जोखिम हो सकता है।

———————————————————————

पड़ोसी राज्यों और राज्य के विभिन्न भागों में बारिश की कमी के कारण गंगा और विभिन्न सहायक नदियों के जलस्तर में कमी दर्ज की गयी है। गंगा नदी के जलस्तर में पटना से लेकर कहलगांव तक कमी दर्ज की गयी है। इसके बावजूद सभी स्थानों पर गंगा नदी का जलस्तर लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। इधर, सोन,

पुनपुन, घाघरा, गंडक, बूढ़ी गंडक और कोसी नदी के जलस्तर में भी कमी की प्रवृति बनी हुई है। नदियों में आये उफान में कमी से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हालात सुधरने की उम्मीद दिखने लगी है।

———————————————————

राज्य के विभिन्न भागों में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न भागों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गयी है। बांका के अमरपुर में सबसे अधिक तैंतालीस दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों तक भागलपुर, मुंगेर, जमुई, बांका, किशनगंज, अररिया, सीतामढ़ी, मधुबनी समेत राज्य के दक्षिण–पूर्व, दक्षिण–मध्य, उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर भारी वर्षा की सम्भावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका बनी हुई है।

———————————————————

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। नई दिल्ली में किसानों और किसान संगठनों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री चौहान ने कहा कि केन्द्र सरकार किसानों की हर समस्या को गम्भीरता से हल करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि किसान संगठनों की ओर से फसलों की कीमतों तथा फसल बीमा के संबंध में जो सुझाव मिले हैं, उस पर गम्भीरता से विचार होगा और किसानों के हित में निर्णय लिये जायेंगे।

———————————————————

केन्द्रीय मंत्री सतीश चन्द्र दुबे की मौजुदगी में पश्चिम चम्पारण जिले के पतिलार में जिला भाजपा की ओर से सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर का भी आयोजन किया गया।

———————————————————

आकाशवाणी के पटना केन्द्र परिसर में स्वच्छता संवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान केन्द्राध्यक्ष ने परिसर को साफ–सुथरा बनाने रखने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विचार विमर्श किया।

——————————————————————

अररिया के नेताजी सुभाष स्टेडियम में छब्बीस सितम्बर से राज्यस्तरीय वुशु प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आज बैठक की गयी।

——————————————————————

समाप्त